No. of Printed Pages/Questions: 1 / 2

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test – I (Round – I) 2026 – 2027

Class - 6 MM-20

Subject- Hindi Time: 1 Hrs.

Name: _____ Roll No.:_____

प्रश्न 1 नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए। 1X4=4

सरदार वल्लभभाई पटेल हमारे देश के प्रथम गृहमंत्री थे। उनका जन्म 31 अक्टूबर ,1875 को हुआ था।भारतीय स्वतंत्रता की लड़ाई में इनका अहम योगदान था। जिसके कारण इन्हें लौह पुरुष भी कहा जाता है। इन्हें सरदार नाम बारदोली सत्याग्रह के बाद मिला। स्वतंत्रता के पश्चात भी देश के एकीकरण में भी इनका महत्वपूर्ण स्थान रहा। इनका देहावसान 15 दिसंबर 1950 को हुआ था।

सरदार पटेल का स्मारक 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' भारत के गुजरात राज्य में है। यह स्मारक नर्मदा बाँध की दिशा में, 3•2 कि0मी0 दूर बेट नामक द्वीप पर बनाया गया है। आधार सहित इस मूर्ति की कुल ऊँचाई 240 मीटर है जिसमें 58 मीटर का आधार तथा 182 मीटर की मूर्ति है जो इस्पात , कंक्रीट तथा कांस्य से युक्त है। इस मूर्ति का आधार त्रिस्तरीय है , जिसमें प्रदर्शन तल, छज्जा, और छत है। छत पर स्मारक उपवन, विशाल संग्रहालय है जिसमें सरदार पटेल के जीवन से जुड़ी वस्तुओं तथा उनके योगदान को दर्शाया गया है। नदी में 500 फीट ऊँचा एक 'आब्जर्वर डेक' भी है जिस पर से एक बार में दो सौ लोग मूर्ति देख सकते हैं। यहाँ एक आधुनिक प्लाजा भी है जिससे नर्मदा नदी तथा मूर्ति का शानदार नजारा दर्शनीय है। इस प्लाजा में खान–पान की स्टॉलें , उपहार की वस्तुएँ तथा अन्य वस्तुओं की दुकानें एवं सुविधाएँ है।

क) 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' किसकी याद में बनाया गया है ?

अ गांधी जी ब जवाहर लाल नेहरू

स सरदार वल्लभभाई पटेल द इंदिरा गांधी

ख) सरदार वल्लभभाई पटेल हमारे देश के प्रथम ——— थे।

अ	शिक्षामंत्री	ब	गृहमंत्री
स	पर्यटनमंत्री	द	ग्राममंत्री

ग) 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' की कुल ऊँचाई है।

अ	240 मीटर	ब	240 फीट
स	340 मीटर	द	340 फीट

घ) सरदार पटेल को लौह पुरुष क्यों कहा जाता है ?

प्रश्न 2 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **1X5=5**

क) **'चतुर '** एवं **'मीठा'** शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए।

ख) **'हिमालय '** एवं **'होली'** शब्दों से जातिवाचक संज्ञा बनाइए।

ग) संज्ञा की परिभाषा लिखिए ।

घ) **'गंगा'** किस संज्ञा का उदाहरण है ?

ङ) संज्ञा के कितने भेद होते है, नाम लिखिए ?

प्रश्न 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(कोई तीन) **2X3=6**

क) भारत में किन तीन नदियों का संगम प्रयाग में होता है ?

ख) 'भारतभूमि' कविता के कवि का नाम बताते हुए लिखिए कि इस पाठ में किन–किन महापुरूषों का नाम आया है ?

ग) कोयल किस ऋतु में और कहाँ कूकती है ?

घ) गौतम बुद्ध ने संसार को कौन–सा मार्ग दिखाया है ?

प्रश्न 4 अपने छोटे भाई को समय का महत्त्व बताते हुए पत्र लिखिए। **1X5=5**

(अथवा)

आपका मित्र काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम आया है। उसे बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए।

——00——